नवभारत

साइबर अपराध जागरूकता शुरू

पुणे. लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये क्विक हील टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन (क्यूएचएफ) ने एक जरूरी कदम उठाया है. इस फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटकों की एक श्रृंखला लांच करने के लिए इंदौर सिटी पुलिस और साइबर सेल टीम के साथ सहयोग किया है. फाउंडेशन ने शहर के लोगों में ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये अपनी सिग्नेचर पहल 'साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा' के अंतर्गत यह कदम उठाया है. पहल का शुभारंभ 26 अप्रैल को एचएन मिश्र, पुलिस आयुक्त द्वारा अनुपमा काटकर, अध्यक्ष, क्यूएचएफ, मनीष कपूरिया, राजेश हिंगनकर, की उपस्थिति में किया गया.